आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य पथ पर सार्वजनिक कार्यक्रम को किया सम्बोधित। कहा–पिछले ग्यारह वर्षों में देश ने तैयार किया पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक केंद्रित शासन मॉडल।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली और मुरादाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास। कहा–दो हजार सत्रह के बाद नाथ कॉरिडोर बना बरेली की पहचान।
- ग्यारह अगस्त से शुरू होगा प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र। विधायकों को सत्र से पहले दी जाएगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई की बुनियादी जानकारी।
- प्रदेश के चौबीस जिलों के लगभग बारह सौ पैंतालीस गांव बाढ़ से प्रभावित। कई जिलों में नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत ने एक ऐसा शासन मॉडल तैयार किया है जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक–केंद्रित है। कल नई दिल्ली के कर्तव्यपथ पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत एक समग्र दृष्टिकोण से आकार ले रहा है, जहाँ विकास हर क्षेत्र में पहुँच रहा है। कर्तव्य भवन का निर्माण भारत के वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिबिम्ब है।

***कर्तव्य भवन की यह भव्य बिल्डिंग ये सभी प्रोजेक्ट, नए डिफेंस कंपलेक्स देश के तमाम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, यह देश को एक पेश का सबूत तो है ही यह भारत के वैश्विक विजन का प्रतिबिंब भी है। हम दुनिया को जो विजन दे रहे हैं, भारत को उन्हें किस तरह अंगीकार कर रहा है। यह हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में दिखाई दे रहा है।***

इससे पहले कल दिन में, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–तीन का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने नए कर्तव्य भवन का निरीक्षण किया और इसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भवन परिसर में एक पौधा भी लगाया। प्रधानमंत्री ने भवन के निर्माण श्रमिकों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए सराहना की और उनसे बातचीत भी की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बरेली में दो हजार दो सौ चौसठ करोड़ रुपए की लागत की पांच सौ पैंतालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है।

***दो हजार सत्रह के बाद नाथ कॉरिडोर बरेली की पहचान बन गई है और डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार तुष्टिकरण नहीं बल्कि विकास के माध्यम से जनता जनार्दन की संतुष्टि का माध्यम बन रही है। विरासत को विकास के कार्यों के साथ जोड़ रही है। आपके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।***

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित छह हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा टैबलेट भी बांटे।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कल मुरादाबाद में एक हजार एक सौ बहत्तर करोड़ रुपए की सतासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने उन्यासी करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्‌घाटन भी किया।

**********

प्रदेश के एक करोड़ अट्ठाइस लाख से अधिक लोग अब तक अटल पेंशन योजना से लाभांवित हो चुके हैं। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के मुख्य महा प्रबंधक प्रवेश कुमार ने कल लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

***अगर यूपी की बात करें तो यूपी एक बड़ा प्रदेश है और यहाँ से इस स्कीम को काफी अच्छा सपोर्ट मिला है और अभी तक जो ग्रॉस... की बात करें तो एक करोड़ अट्ठाईस लाख से ज़्यादा लोग इसमें जुड़ चुके हैं लास्ट इयर यूपी में करीब उन्नीस लाख नए लोग जुड़े थे और इस साल पहले चार महीने में करीब छह लाख पचास हजार लोग इसमें ऑल रेडी जुड़ चुके हैं और यूपी में एसबीसी उत्तर प्रदेश और जितने भी.... और बैंक हैं उनका काफी अच्छा सहयोग मिलता है और अचीवमेंट हमेशा ज्यादातर बैंक का सौ पर्सेंट से ज़्यादा रहता है।***

**********

प्रदेश के नगर परिवहन और परिवहन निगम की बसों में रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में महिलाओं को एक सहयात्री के साथ निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आठ अगस्त की सुबह छह बजे से लेकर दस अगस्त को रात बारह बजे तक दी जाएगी। इस बीच, भारतीय डाक विभाग ने भी रक्षाबंधन के मद्देनजर वाटरप्रूफ लिफाफे जारी किए हैं, जिनकी कीमत दस रुपये रखी गई है।

**********

प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र ग्यारह अगस्त से शुरू हो रहा है। सत्र से पहले सरकार विधायकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए विशेष पहल कर रही है। इसके तहत दस अगस्त को प्रदेश के विधायकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में आईआईटी के प्रोफेसर विधायकों को एआई के इस्तेमाल और शासन–प्रशासन में इसके प्रभावी उपयोग के बारे में बताएंगे।

**********

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश के चौबीस जिलों के लगभग बारह सौ पैंतालीस गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया में गंगा, नैनी में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या में घाघरा और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बदायूं के कछला भागीरथी गंगा में कल नरौरा बैराज से लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिसकी वजह से गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और वहां बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गंगा घाट से दुकाने हटाने की चेतावनी जारी की गयी है। पीलीभीत में लगातार हो रही बारिश से माधोटांडा मार्ग स्थित पुलिया बह जाने से करीब चालीस गांव का सम्पर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। वहीं, उत्तराखण्ड एवं पीलीभीत से पानी छोड़ जाने की वजह से शाहजहांपुर की गर्रा और खन्नौत नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

बाढ़ के कारण करीब दो लाख 7 हजार लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग कर दिशा निर्दश दे रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट......

***प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1640 नावों और मोटर बोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। 377 बाढ़ शरणालयों में 41 हजार से अधिक लोगों को रखा गया है जहां उन्हें खाने पीने और चिकित्सा समेत अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही 1348 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निगरानी रख रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जल पुलिस और एनडीआरएफ भी लगातार हालात पर नज़र बनाए हुए है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में कल जौनपुर में प्रभारी मंत्री ए.के शर्मा ने राहत और बचाव कार्यो की समीक्षा की। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। वहीं मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के पूर्वी जनपदों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**********

प्रदेश भर में पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौ से बारह अगस्त और तीसरा चरण तेरह से पंद्रह अगस्त के बीच आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में विविध गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अमरोहा के परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा राखी कार्यशालाओं के आयोजन हो रहे हैं। इन राखियों को तिरंगा आभार पत्र के साथ सैनिकों को भेजा जाएगा।

**********

आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस है। भारत सरकार ने वर्ष दो हजार पंद्रह में सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया था। तबसे हर साल यह दिवस बुनकर समुदाय का सम्मान करने, देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में उनके योगदान को मान्यता देने और भारत की हथकरघा विरासत के संरक्षण और संवर्धन के हमारे सामूहिक संकल्प को नवीनीकृत करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बुनकरों और हस्तशिल्पियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**********